Gram : UNIVERSITY
FAX: 0512-2585280
Web: www.kanpuruniversity.org
e-mail I.D.-coe@kanpuruniversity.org

	OFF.	RESI.
V.C. :	2581280	2584280
REGI.:	2580044	2580281
Office :		

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/ 355 /2020

दिनांक :26/06/2020

सूचना

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की अवशेष अन्तिम वर्ष की परीक्षाओं का प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों को प्रेषित कर दिया गया है। वर्तमान में कोविड–19 की महामारी के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत परीक्षा के आयोजन सम्बन्धी सम्बन्धी विभिन्न पहलूओं पर विचार–विमर्श विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय प्रशासन सभी छात्र/छात्राओं को पूरी तरह से आशवस्त कराना चाहता है कि कोविड–19 के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के आलोक में छात्र हितों एवं उनकी सुरक्षा का पूरी तरह से ध्यान रखा जायेगा तथा परीक्षाओं को सम्पन्न कराये जाने का अन्तिम निर्णय लिए जाने के पूर्व समस्त महाविद्यालयों को छात्र/छात्राओं की पूरी सुरक्षा प्रदान किये जाने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश अलग से जारी किये जायेंगे।

यह भी सूचित करना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों से अन्तिम वर्ष की परीक्षाओं के आयोजन की तैयारियों, उपलब्ध परीक्षा कक्षों एवं सेनिटाइजेशन इत्यादि की व्यवस्था कराये जाने हेतु पत्र भी प्रेषित किया गया है। जिस पर कई महाविद्यालयों द्वारा सूचना उपलब्ध करायी गयी है। सभी परीक्षा केन्द्रों से सूचनाएँ प्राप्त होने के उपरान्त तथा कोविड–19 महामारी से बचाव हेतु जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों की पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने तथा परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में शासन से अनुमति प्राप्त होने के उपरान्त ही परीक्षाओं के आयोजन पर अन्तिम विचार किया जायेगा।

डॉ0(अनिल कुमार यादव)
कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को वेबसाइट के होम पेज पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. सम्पादक/संवाददाता, दैनिक जागरण/अमर उजाला/हिन्दुस्तान/दैनिक आज/आई.नेक्स्ट/अमर उजाला कॉम्पैक्ट को इस आशय से प्रेषित कि छात्रहित में उक्त सूचना को अपने सम्मानित दैनिक के समस्त संस्करणों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner